मानसिक बीमारी का बिना छिपाये करायें इलाज : डा. निखिल दास

अमरोहा (विधान केसरी)। जेएस हिन्दू पीजी. कॉलेज के कैलसा मार्ग स्थित विज्ञान परिसर में तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के पार्श्वनाथ कॉलेज आफ नर्सिंग के द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पहले तीर्थंकर नर्सिंग कॉलेज से एक पोस्टर रैली निकाली गई। जिसका समापन जे एस हिंदू कॉलेज के कैलसा रोड परिसर में हुआ। इसके उपरांत विज्ञान संकाय में छात्र -छात्राओं द्वारा नाट्य मंचन किया गया। जिसका शीर्षक म्तंकपबंजपवद वि उलजीे ंदक ेजपहउं तमसंजमक जव उमदजंस ीमंसजी था जिसके माध्यम से यह दशार्या गया कि यदि कोई मानसिक रोगी है तो अंधविश्वास में ना पड़क? मानसिक रोग विशेषज्ञ से परामर्श एवं उपचार करायें इस मौके पर यह भी संदेश दिया गया, कि मानसिक रोग छुपाना नही चाहिए, जिससे उसका उपचार किया जा सके। इस दौरान जे पी. कालेज के मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी प्रोफेस्सर डॉ. निखिल दास ने मानसिक बीमारी एवं पागलपन मे भिन्नता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि यह कोई कलंक का विषय नहीं है तथा व्यक्ति को उसे छुपाना नही चाहिए और समय पर परामर्श एवं उपचार लेना चाहिए। इस अवसर पर निदेशक डॉक्टर सौरभ अग्रवाल ने इंटरनेट एवं मोबाइल की उपयोगिता को स्वीकारते हुए इससे हो रही सामाजिक दूरियों की विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन तीर्थंकर नर्सिंग कॉलेज के विभागाध्यक्ष डा. अंजलि शाह ने किया। इस मौके पर पार्श्वनाथ नर्सिंग कॉलेज की डा. सना उस्मानी, स्मिता चंद्रा, कुमारी कीर्ति राणा, कमलेश सिंह आदि का सहयोग प्राप्त हुआ। इस दौरान डा. धर्मेंद्र शर्मा, डा. अमित शुक्ला, डा. हर्षदीप, डा. सूरज सिंह सैनी डा. गार्गी बिश्नोई डा. एनपी मौर्य, सचिन कुमार, सत्यवीर सिंह, मृदुल भालवर, डा. चिरंजीव कुमार वार्ष्णेय डा. अमित पाल सिंह, प्रवेश वर्मा, नदीम अख्तर आदि मौजूद रहे।

मानसिक रोग को छुपाएं नहीं, कराएं इलाज : डॉ0 सौरभ अग्रवाल

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में निकाली पोस्टर रैली

⊙ खास बात

मानसिक बीमारी एवं पागलपन में भिन्नता पर डाला प्रकाश

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

अमरोहा। जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज के कैलसा मार्ग स्थित विज्ञान परिसर में गुरूवार को तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग कैलसा मार्ग अमरोहा के द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। जिसके अंतर्गत पहले तीर्थंकर नर्सिंग कॉलेज से एक पोस्टर रैली निकाली गई। जिसका समापन जेएस हिंदू कॉलेज के कैलसा रोड परिसर में हुआ।

इसके उपरांत विज्ञान संकाय में छात्र-छात्राओं द्वारा नाट्य मंचन किया गया। जिसका शीर्षक मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मिथकों और कलंक का उन्मूलन था। जिसके माध्यम से यह दशार्या गया कि यदि कोई मानसिक रोगी है, तो अंधविश्वास में ना पड़कर मानसिक रोग विशेषज्ञ से परामर्श एवं उपचार प्राप्त करना चाहिए। इसके साथ यह भी संदेश दिया गया कि मानसिक रोग छुपाना नहीं चाहिए। जिससे उसका उपचार किया जा सके।

इस अवसर पर जेएस हिंदू कॉलेज अमरोहा के मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी प्रोफेसर डॉक्टर निखिल दास ने मानसिक बीमारी एवं पागलपन में भिन्नता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह कोई कलंक का विषय नहीं है तथा व्यक्ति को उसे छुपाना नहीं चाहिए और समय पर परामर्श एवं उपचार लेना चाहिए।

इस अवसर पर निदेशक डॉक्टर सौरभ अग्रवाल ने इंटरनेट एवं मोबाइल की उपयोगिता को स्वीकारते हुए इससे हो रही सामाजिक दूरियों की विस्तृत चर्चा की एवं इसके प्रतिफल में हो रहे मानसिक अवसाद को बखूबी उजागर किया। कहा कि मानसिक रोग को छुपाएं नहीं। इसका इलाज कराएं। कार्यक्रम का संचालन तीर्थंकर नर्सिंग कॉलेज की विभागअध्यक्ष डॉ0 अंजली शाह ने किया।

इस दौरान पार्श्वनाथ नर्सिंग कॉलेज की डॉक्टर सना उस्मानी, डॉक्टर स्मिता चंद्रा, कुमारी कीर्ति राणा, कमलेश सिंह, जेएस हिन्दू कॉलेज अमरोहा के कैलसा परिसर के डॉ0 धर्मेंद्र शर्मा, डॉ0 अमित शुक्ला, डॉ0 हर्षदीप, डॉ0 सूरज सिंह सैनी, डॉ0 गार्गी बिश्नोई, डॉ0 एनपी मौर्य, डॉ0 सचिन कुमार, डॉ0 सत्यवीर सिंह, डॉ0 मृदुल भालवर, डॉ0 चिरंजीव कुमार वार्ष्णेय, डॉ0 अमित पाल सिंह, प्रवेश वर्मा, नदीम अख्तर, शाहनवाज आदि मौजूद रहे।